# चारधाम यात्रा से पहले हरकी पैड़ी पर हुई गंगा पूजा, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा शुरू होने से एक दिन पूर्व गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय एवं आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने शनिवार को हरिद्वार पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी और एसएसपी हरिद्वार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और तीर्थयात्रियों की सुविधा से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त कर ली जाएं।

कमीशनर और आईजी ने विशेष रूप से चारधाम यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरिद्वार चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं सुचारू और व्यवस्थित रहना अत्यंत आवश्यक है।

अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए और कहा कि यात्रा के दौरान बढ़ने वाले वाहनों के दबाव को देखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पार्किंग, सूचना संकेतक और हेल्प डेस्क जैसी सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के उपरांत सभी अधिकारी हरकी पैड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की और चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन की कामना की। इस दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सतर्कता जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

# इब्राहिमपुर में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने किया क्रास मुकदमा दर्ज

## दो महिला समेत 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक घर में घुसकर जमकर तांडव मचाया। लाठी-डंडों और सरियों से लैस हमलावरों ने परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो महिलाओं समेत 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार इब्राहिमपुर निवासी महजबी पुत्री स्व. चौकश ने तहरीर देकर बताया कि 7 अप्रैल की शाम करीब 4:30 से 5 बजे के बीच वह अपने दादा शौकत खान और दादी बानो के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान गांव के ही रियासत, खान मोहम्मद, अशरफ, इकरार, अफजल, गुड्डू, चांद, अमजद, मुदस्सिर, वैशर और शबनम समेत अन्य लोग गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और सरियों के साथ जबरन घर में घुस आए और हमला बोल दिया। शोर सुनकर बचाव में पहुंचे दादा के भतीजे रुशतम, ताजिम और मुन्तजिर को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उन पर भी हमला कर दिया। हमले में शौकत खान समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ताजिम और मुन्तजिर के सिर फट गए। रुशतम के पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। घटना के दौरान मची चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उसके बाद पीड़ित पथरी थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल हरिद्वार भेजा। हालत नाजुक होने पर ताजिम और मुन्तजिर को देहरादून के अस्पताल रेफर किया गया है।

पीड़िता का कहना है कि घायलों के इलाज में व्यस्त रहने के कारण समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। अब उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर क्रास मुकमदा दर्ज करते हुए पुलिस ने दो महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पंतद्वीप क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा-2026, कांवड़ मेला-2026 एवं कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत शनिवार को उप मेला अधिकारी श्री आकाश जोशी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पंतद्वीप क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की गई। उप मेलाधिकारी श्री जोशी ने बताया कि इस संयुक्त अभियान में नगर निगम, हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। अभियान के दौरान टीम ने अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई 35 अस्थायी दुकानों एवं 57 रेहड़ियों को हटाया। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने कसे थानेदारों पर शिकंजा, 31 पुलिसकर्मी सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने पुलिस मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित क्राइम मीटिंग के दौरान थाना प्रभारियों की कार्यप्रणाली की सख्त समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जवाबदेही तय होगी। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

चारधाम यात्रा को लेकर एसएसपी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागीय समन्वय के साथ अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यात्रा मार्गों पर लगातार गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी आपात



स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। यातायात व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन और बढ़ते दबाव के अनुसार वैकल्पिक मार्गों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। साथ ही मार्गों पर दिशा-दूरी दर्शाने वाले और क्यूआर कोड युक्त सूचना बोर्ड शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने बताया कि चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संचालन के लिए अधिकारियों को उनके पदानुसार जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत चल रही कार्रवाई पर संतोष जताते हुए इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। गैंगस्टरों व पेशेवर अपराधियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई तेज करने के साथ ही नशा तस्करों, विशेषकर स्मैक कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया।

सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए फायर स्टेशनों को अलर्ट मोड में रखने, सभी उपकरणों को कार्यशील स्थिति में बनाए रखने तथा खराब संसाधनों की तत्काल मरम्मत या प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त एएचटीयू टीम को 'ऑपरेशन मुक्ति' के तहत भिक्षावृत्ति, बाल श्रम और कूड़ा बीनने जैसे कार्यों में संलिप्त बच्चों के पुनर्वास के लिए और अधिक सक्रियता से काम करने को कहा गया। बैठक में एसपी क्राइम/ट्रैफिक निशा यादव, एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल सहित सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# कर्ज के बहाने लाखों की ठगी, नौकरी का झांसा देकर दी धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र के गढ़मीरपुर निवासी एक युवक से साढ़े पांच लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले पारिवारिक मजबूरी बताकर उधार लिए और बाद में रकम लौटाने के बदले सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देने लगा। कोर्ट के आदेश पर अब इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गढमीरपुर निवासी योगेश के अनुसार, उसकी जान-पहचान पूरणपुर निवासी श्याम कुमार से थी। श्याम ने अपनी घरेलू दिक्कतों का हवाला देकर योगेश से आर्थिक मदद मांगी थी। योगेश ने उसकी बातों में आकर फरवरी 2025 में अलग-अलग तारीखों पर कुल 5.75 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए श्याम के खाते में भेज दिए।

आरोप है कि जब योगेश ने तय समय बाद अपने पैसे वापस मांगे, तो श्याम टाल-मटोल करने लगा। बाद में उसने खुद को भेल का कर्मचारी बताते हुए कहा कि वह उसे सरकारी नौकरी दिला देगा। इसके लिए उसने कुल 10 लाख रुपये की मांग की और योगेश के पुराने पैसों को उसी में एडजस्ट करने की बात कही। जब योगेश ने अपने पैसे वापस लेने के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि अदालत के आदेश पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# हिस्ट्रीशीटर को लिया हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना सिडकुल प्रभारी अजय शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अनित पाल पुत्र गिरधारी लाल को उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अनित पाल थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। सचिव गृह उत्तराखंड द्वारा जारी निरुद्ध आदेश के तहत PIT&NDPS एक्ट 1988 (संशोधित धारा 3(1)) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए आरोपी को 18 अप्रैल को हिरासत में लिया गया। आरोपी मूल रूप से ग्राम मानकपुर आदमपुर, थाना झबरेड़ा का निवासी है और वर्तमान में गणपति विहार, रावली महदूद (सिडकुल क्षेत्र) में रह रहा था।

# चोरी की पांच बाइक के साथ दो शातिर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी के निर्देशन में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर पुलिस को कामयाबी मिली है।पुलिस टीम ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। ज्वालापुर कोतवाली एसएसआई हर्ष अरोड़ा ने बताया कि क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में दर्ज मुकदमों के बाद पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर नहर पटरी, रेगुलेटर पुल के पास से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया।



पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बहादराबाद नहर पटरी मार्ग पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई चार अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। पूछताछ में पता चला कि बरामद पांच वाहनों में से दो ज्वालापुर से चोरी किए गए थे, जबकि अन्य तीन मोटरसाइकिलों के बारे में अन्य थानों से जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपियों ने कबूल किया कि वे अपने नशे के खर्चों को पूरा करने के लिए वाहन चोरी करते थे। आरोपियों ने अपना नाम सोनू राठी निवासी हरियाणा, प्रवीण कश्यप निवासी खड़खड़ी, हरिद्वार बताया है।पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम उप निरीक्षक मनीष भंडारी, अपर उप निरीक्षक प्रताप शर्मा, हे.कां. राजवीर सिंह, कां. आलोक नेगी, कपिल कुमार व मनोज डोभाल शामिल रहे।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने वसूली के एक लाख रुपये हड़पे, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर स्थित एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पर ग्राहकों से वसूली गई रकम कंपनी में जमा न कर उसे खुद हड़पने का आरोप लगा है। कंपनी की शिकायत और कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अन्नपूर्णा माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बिजनौर निवासी निकुल कुमार उनकी कंपनी में फील्ड क्रेडिट ऑफिसर के पद पर काम करता था। निकुल का काम आसपास के गांवों में जाकर ग्राहकों से लोन की किश्तें वसूल करना था। आरोप है कि निकुल ने डालूवाला खुर्द, इब्राहीमपुर, इमलीखेड़ा, गढमीरपुर और सोहलपुर जैसे कई इलाकों से कुल 1,13,813 रुपये की वसूली की, लेकिन यह पैसा ऑफिस में जमा कराने के बजाय खुद रख लिया। जब कंपनी को इस हेरफेर का पता चला, तो अधिकारियों ने उससे संपर्क किया। आरोप है कि उसने पैसे लौटाने से साफ मना कर दिया और अधिकारियों को धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# नशे में कार दौड़ा रहे चालक को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रैश ड्राईविंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली रानीपुर पुलिस ने नशे की हालत में खतरनाक तरीके से कार दौड़ा रहे एक चालक को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। साथ ही कार को भी सीज कर दियां गया। पुलिस मुख्यालय से चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एसएसपी नवनीत सिंह ने आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शुक्रवार की रात रानीपुर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीमो द्वारा रैश ड्राईविंग, ड्रिंक एंड ड्राईव के खिलाफ संघन चौकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सुमननगर चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन कुमार सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल जयदेव सिंह व महेंद्र कुमार के साथ सुमननगर तिराहे पर चेकिंग के दौरान



नशे की हालत में खतरनाक तरीके से कार दौड़ा रहे नजुलवारी पुत्र ईमरान निवासी पांवधोई ज्वालापुर को दबोच लिया। मेडिकल में नशे की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ कार को भी सीज कर दिया।

# सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और श्रद्धांजलि दी। समाजवादी पार्टी के ज्वालापुर पुल जटवाड़ा स्थित कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर समाजवादी विचारधारा के प्रखर चिंतक और ओजस्वी वक्ता थे। वर्तमान परिस्थितियों में उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव एवं सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने अपने कार्यकाल में दलितों, पिछड़ों, किसानों के लिए हितों के लिए अनेक कदम उठाए। आशीष यादव ने कहा कि प्रखर समाजवादी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सपा कार्यकर्ता समाज के वंचित तबके के लिए संघर्ष करते हुए समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। देश के विकास में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। सपा जिलाध्यक्ष साजिद अंसारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने आजीवन समाज के दबे कुचले वर्ग के लिए संघर्ष किया। जाफर प्रधान, रईस अंसारी, आस्तिक यादव, कयूम अंसारी ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# नगर कोतवाली पुलिस ने पकड़े 18 ढोंगी बाबा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आपरेशन कालनेमि के तहत कार्रवाई करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने 18 ढोंगी बाबाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को भ्रमित कर धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ और ठगी करते थे। सभी के खिलाफ धारा 172(2) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को साधु संतों का वेश धारण कर धर्म की आड में लोगो की भावनाओं व आस्थाओं से खिलवाड करते हुए धोखाधडी करने वाले छदम् वेश धारियों के विरूद्व कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुपालन में नगर कोतवाल प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम साधु-संतो के भेष में घूम रहे 18 ढोंगी बाबाओं को अन्तर्गत धारा-172(2) बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया।

# बिना लाइसेंसी व्यापारियों पर मंडी प्रशासन की सख्ती

## मूल्य सूची न लगाने पर भी होगी जुर्माना व दंडात्मक कार्रवाई : लवकेश गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कृषि उत्पादन मंडी समिति हरिद्वार यूनियन ने क्षेत्र में फल-सब्जी, अनाज सहित अन्य कृषि उत्पादों का कारोबार करने वाले फुटकर और परचून व्यापारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मंडी सचिव लवकेश गिरी की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना में स्पष्ट किया गया है कि बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर मंडी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सचिव ने सभी व्यापारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अनिवार्य रूप से मंडी समिति से लाइसेंस प्राप्त करें। लाइसेंस के लिए तीन पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर समिति कार्यालय में जमा कराना होगा। निर्धारित प्रक्रिया पूरी न करने वाले व्यापारियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मंडी प्रशासन ने व्यापारियों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों और ठेलियों पर कृषि उत्पादों की मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए हैं। नियमों का पालन न करने वालों पर जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मंडी समिति के सचिव लवकेश गिरी ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और बाजार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। आने वाले दिनों में निरीक्षण अभियान चलाकर नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पुलिस ने चाकू समेत हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत थाना बहादराबाद पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। प्राप्त जानकारी के रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस टीम ने शांतरशाह मार्ग पर कुर्बान पुत्र मुजफ्फर निवासी ग्राम मरगूबपुर बहादराबाद को चाकू समेत दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल बीरेन्द्र शर्मा व होमगार्ड कासिफ शामिल रहे।

# मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद चारधाम यात्रा रवाना हुआ यात्रियों का पहला जत्था

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा पर रवाना होने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार सवेरे मायादेवी मंदिर पार्किंग से चारधाम यात्रियों का पहला जत्था रवाना हुआ। ट्रैवल कारोबारियों ने विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा पाठ कर चारधाम यात्रियों के पहले दल को रवाना किया। यात्री उत्साह और उमंग के साथ जयकारे लगाते हुए चारधाम यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ट्रैवल कारोबारियों ने कहा कि इस बार सरकार की ओर से चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रीयों के पंजीकरण की सीमित संख्या को हटा दिया है। इसलिए इस बार यात्रा में अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। चारधाम यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु भी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। हरिद्वार ट्रैवल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि यात्रीयों के लिमिटेशन की संख्या हटने से भारी संख्या में यात्री आएंगे। सरकार की और से भी यात्रा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गयी हैं। उन्होंने जनता से अधिक से अधिक संख्या में चारधाम यात्रा पर आने की अपील भी की। ट्रैवल कारोबारी गिरीश भाटिया ने यात्रीयों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा का शुभारंभ करते हुए यात्रीयों के पहले जत्थे को रवाना गिया है। ट्रैवल कारोबारी यात्रीयों को सुखद यात्रा कराने के लिए तत्पर हैं। यात्रा पर रवाना हुई वर्षा ने बताया कि यह उनकी दूसरी चारधाम यात्रा है। काफी समय से परिवार के साथ चारधाम यात्रा की प्लानिंग कर रहे थी। इस बार परिवार के साथ यात्रा कर रही हैं। अहमदाबाद गुजरात से आए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यात्रा करने को लेकर सभी में काफी उत्साह है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : आदेश चौहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव शक्ति सेवा समिति के संयोजन में सिडकुल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हरिद्वार चैरिटेबल ब्लड सेंटर एवं जीवन रक्षक ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित किए गए रक्तदान शिविर का उद्घाटन रानीपुर विधायक आदेश चौहान एवं नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर दोनों अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में सिडकुल की कई कपंनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर विधायक आदेश चौहान एवं पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्त की आवश्यकता होने पर आपके द्वारा दिया गया रक्त ही किसी के प्राणों की रक्षा का सूत्र बनता है। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आती है। बल्कि नए रक्त का संचार होने से स्वास्थ्य बेहतर होता है। रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से शिविर में 363 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। मुकेश शर्मा ने बताया कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। इस दौरान ममता सेंगर, राजेश पब्बन, सुशील कोठियाल, राजीव जैन, भोला चौधरी आदि ने सहयोग प्रदान किया।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

